## सार-समाचार

### 350 लाभार्थियों को मिले भूखण्ड के पट्टे

**उदयपुर**, (कासं)। विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु परिवारों को पट्टा वितरण समारोह का जिला स्तरीय कार्यक्रम बुधवार को टाउन हॉल स्थित नगर निगम के दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आयोजित हुआ।राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में जिला प्रमुख ममता कुंवर पवार ने कहा कि सरकार की मंशा ग्रामीण इलाकों में जरूरी सुविधाएं पहुंचाने तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की है। केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों की बदौलत देश तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी ने कहा कि आवास विहीन लोगों को घर देना केंद्र और राज्य सरकार की प्रमुख मंशा है। ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा ने कहा कि बरसों से भटक रहे लोगों को आवासीय पट्टे देने का नेक काम राज्य सरकार ने किया है। जिला परिषद सीईओ हेमेंद्र नागर ने स्वागत उद्बोधन के दौरान बताया कि उदयपुर एवं सलूंबर जिले के करीब 350 लाभाथि्यों को पट्टे सौंपे गए। सीईओ ने बताया कि राज्य सरकार की मंशानुरूप शीघ्र और लाभाथि्यों को भी पट्टे सौंपे जाएंगें। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत उल्लेखनीय कार्य करने वाले कर्मचारियों का सम्मान भी किया। इस अवसर पर समाजसेवी रविन्द्र श्रीमाली, चंद्रगुप्त सिंह चौहान,जिला परिषद सीईओ हेमेंद्र नागर, एसीईओ अंजुम ताहिर सम्मा, विभिन्न पंचायत समितियों के अधिकारी-कर्मचारी समेत उदयपुर जिले की 14 पंचायत समितियों एवं सलूंबर जिले की 6 पंचायत समितियों के लाभार्थी उपस्थित रहे।

### क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**देवगढ़,** (निसं)। नेहरू युवा केंद्र के करियर महिला मंडल द्वारा बुधवार को महात्मा गांधी जयंती और शास्त्री जी की जयंती पर ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम प्रभारी निकिता वैष्णव ने कहा कि यह प्रतियोगिता छात्रों को महात्मा गांधी के जीवन और सिद्धांतों के बारे में जानने का अवसर प्रदान करती है। मंडल की अवंतिका शर्मा ने महात्मा गांधी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधीजी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे। आजादी के लिए अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन करने के कारण उन्हें कई बार जेल भी जाना पड़ा। उन्होंने अपना सारा जीवन खादी वस्त्र में ही गुजारा। उन्होंने अंग्रेजों से लड़ कर आज़ादी दिलायी।

### सड़कों का पेचवर्क शुरू

**उदयपुर**, (कासं)। उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत के प्रयासों से सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से जिले के ग्रामीण अंचल में सड़कों के सुदृढ़ीकरण और मरम्मत का कार्य प्रारंभ करवाया गया है। ग्रामीण अंचल में आवागमन को सुगम बनाने एवं गांवों के बीच सम्पर्क सुचारू बनाने के उद्देश्य से जिले के सराड़ा, जयसमंद, व सलूम्बर ब्लॉक की 66 किलोमीटर की 12 सड़कों का पेच वर्क कार्य शुरू हो चुका है। सांसद डॉ. रावत ने बताया कि सराड़ा ब्लॉक में सराड़ा से केजड वाया नीमच तक 1 किमी, केवड़ा से बाबरमाल 6 किमी, पलोदड़ा से देवपुरा 6 किमी, पाडला से खाखादरा 2.50 किमी, जावरमाइंस से पाडला 2.50 किमी, बण्डोली से थाना रोड 3 किमी और उबापना से सेपुर तक 15 किमी की सड़कों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। वहीं जयसमंद ब्लॉक में केवड़ा से नाकोली तक 5 किमी, पलोदड़ा से चांदघाटी अदवास तक 6.50 किमी, झाड़ोल से वेजपुर तक 2.50 किमी तथा जावद से जयसमंद तक 14 किमी और सलूंबर ब्लॉक के सराड़ी से ढोलकाकर तक 2 किमी की सड़क का पेचवर्क कार्य किया जा रहा है।

### आयकर आवासीय कॉलोनी में श्रमदान

**उदयपुर**, (कासं)।गाँधी जयंती के उपलक्ष में 'स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान के तहत आयकर आवासीय कॉलोनी में मुख्य आयकर आयुक्त के निर्देशन में साफ-सफाई की गई। अभियान के दौरान प्रधान आयकर आयुक्त श्रीमती मनीषा चन्द्रा की देखरेख में लगभग 100 से अधिक कार्मिकों ने कॉलोनी के बाहर व कॉलोनी के गेट नम्बर 3 व 4 के सामने खाली पडी हुई जमीन पर गन्दगी, कूडा करकट व झाडियों को साफ किया। इसके अलावा एक पेड़, मां के नाम' पहल के तहत साफ की गई जगह पर पौधारोपण भी किया गया और पेड़ों की सुरक्षा की दृष्टि से ट्री गार्ड भी लगाये गये । इस दौरान मुख्य सडक पर खराब पडे॰ हैण्डपम्प को सही करके चालू किया गया। इस स्थान को पनघट नाम देकर जनसुविधार्थ विकसित करते हुए हैण्डपम्प का रंग-रोगन करवाया और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए दीवार पर स्वच्छता जागरूकता विषयक पेन्टिंग बनवाई।

### शनिमहाराज आली का खोला भंडार

**कपासन,** (निसं)। मेवाड़ के प्रसिद्ध शनिधाम श्री शनि महाराज आली में मासिक भंडार से 19 लाख 93 हजार 151 रुपये की भेंट राशि निकली। मंगलवार रात 9:30 बजे तक गिनती का दौर चलता रहा, जबकि सिक्कों की गिनती अभी बाकी है। यह भंडार हर महीने की अमावस्या से पहले चतुर्दशी को खोला जाता है।तीर्थ स्थल प्रबंध कार्यकारिणी कमेटी के सचिव कालू सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह श्री शनि देव की आरती के बाद भंडार खोला गया। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्रपाल सिंह, मंत्री छगन लाल गुर्जर, कोषाध्यक्ष गोपाल कृष्णा शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। भंडार में मुख्य मंदिर, नवठाह मंदिर, तेल कुंड आदि से भेंट राशि निकाली गई, और मंदिर परिसर में ही भेंट राशि की गिनती शुरू की गई। रात 9:30 बजे तक नोटों की गिनती पूरी हो गई, जिसमें 19 लाख 93 हजार 151 रुपए की भेंट राशि निकली। की भेंट राशि निकली। मंगलवार रात 9:30 बजे तक गिनती का दौर चलता रहा, जबकि सिक्कों की गिनती अभी बाकी है।इस मौके पर कमेटी के संरक्षक भंवरलाल सांखला, सदस्य गोपाललाल सुथार, रामेश्वर लाल सुथार, रतनलाल गाडरी, रूपलाल गाडरी, कालू कीर, रामचंद्र कीर, देवी सिंह चारण, सहित अन्य कर्मचारियों और श्रद्धालुओं ने गिनती में सहयोग किया।

# रैली के माध्यम से आमजन को दिया स्वच्छता का संदेश

**राजसमंद,॰**(निसं)। स्वच्छता ही सेवा पखवाडा के अंतर्गत बुधवार को स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों, संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने बढ-चढकर भाग लिया। यह रैली श्रीबालकृष्ण विद्या भवन स्टेडियम से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी और इसके माध्यम से शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया।

रैली को जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा ने हरी झंडी दिखाकर

> ■ स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छता रैली को कलक्टर ने दिखाई हरी झंडी



रैली निकाल कर स्वच्छता का संदेश देते छात्रा-छात्रा।

रवाना किया। असावा ने स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि स्वच्छता न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है बल्कि यह समाज के विकास और समृद्धि का भी आधार है। स्वच्छता ही सेवा अभियान हमें अपनी जिम्मेदारी की याद दिलाता है कि हम न केवल अपने घरों बल्कि अपने पूरे शहर और पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखें। रैली में एडीएम नरेश बुनकर, राजीविका डीपीएम डॉ सुमन अजमेरा, नगर परिषद के अधिकारी, स्कूलों के स्टाफ और स्थानीय संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। रैली में भाग लेने वाले स्कूली छात्र-छात्राएं, स्वयंसेवक और अधिकारी हाथों में स्वच्छता से जुडे प्रेरणादायक संदेश जैसे स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत और गंदगी को हटाना है, स्वच्छता अपनाना है लिए चल रहे थे। रैली के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया कि स्वच्छता सिर्फ सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। रैली के दौरान मुख्य मार्गों पर कई स्थानों पर रैली का स्वागत किया गया और स्थानीय लोग अपने घरों से बाहर निकलकर इस अभियान का समर्थन करते दिखाई दिए। रैली के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। शहर के प्रमुख चौराहों और मार्गों पर स्वयंसेवकों द्वारा लोगों को स्वच्छता का महत्व समझाया गया और कचरा प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई।

कई जगहों पर सफाई अभियान भी चलाया गया जिसमें कचरे का उचित निपटान किया गया। डीपीएम सुमन अजमेरा ने कहा कि इस तरह के अभियानों से न केवल नागरिकों में जागरूकता बढती है बल्कि यह हमारे समाज में स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की प्रेरणा भी देता है। इस पखवाडे के माध्यम से हमारा उद्देश्य स्वच्छता को जनांदोलन बनाना है। जिला प्रशासन ने भी रैली की सफलता पर सभी का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी प्रकार के जागरूकता अभियानों को आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

# दीक्षांत समारोह आज

**राजसमंद,** ॰(निसं)। सुखाड़िया विश्वविद्यालय का 32वां दीक्षांत समारोह गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मुख्य आतिथ्य में विवेकानंद ऑडिटोरियम में आयोजित होगा।

दीक्षांत समारोह सुबह 11 बजे शुरू होगा इसके लिए सभी आगंतुकों और विद्याथि्यों को 9:30 बजे तक स्थान ग्रहण करना होगा। कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ ही कार्यक्रम अध्यक्ष राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरीभाऊ किसनराव बागडे विद्यार्थियों को दीक्षा प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया, उपमुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रपति भूविज्ञान विभाग के संस्थापक केपी रोडे की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगी।दीक्षांत समारोह में कुल 85 विद्याथि्यों को 102 गोल्ड मेडल दिए जाएंगे जिसमें 16 छात्र तथा 69 छात्राएं शामिल है।

### शिविर आयोजित

**भीम**,(निसं)। निकटवर्ती नंदावट गांव में जिला अंधता निवारण समिति राजसमंद व पाली सेवा मण्डल के संयुक्त तत्वावधान में महिने की प्रत्येक अमावस्या को लगने वाला नैत्र परीक्षण शिविर सर्राफा संघ भीम के सौजन्य से आयोजित किया गया। शिविर में आस पास के गांव ढाणी से 141 लोगों ने नैत्र परीक्षण करवाकर आवश्यक परामर्श व औषधियां प्राप्त की।

### ज्ञापन सौंपा

**मंडफिया,** (निसं)। पुलिस प्रशासन द्वारा झूठी एफआईआर दर्ज करने से समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। समाजसेवी शंकर लाल बिलड़ी ने बताया कि भदेसर में 28 सितंबर 2024 को गोवर्धन लाल मेघवाल निवासी भदेसर की एक रोड एक्सीडेंट में मृत्यु होने से पुलिस प्रशासन के पहुंचने के बाद डेड बॉडी को जबरन पुलिस उठाकर ले गई थी। परिजन एवं समाजजन एक्सीडेंट की सूचना पर एकत्रित हुए। मृतक गोवर्धन लाल का मकान भी रोड के पास ही है इसलिए किसी ने भी किसी भी प्रकार की असंवैधानिक हरकत नहीं कि इसके बावजूद भी पुलिस प्रशासन ने समाजजनों को गाली गलौच कर पीडित परिवार को भी प्रताड़ित किया और 18 घंटे शव प्रशासनिक लापरवाही से मोर्चरी में रहा। 29 सितंबर को समझाईश के लिए आए समाज व अन्य 11 लोगों पर पुलिस ने झूठी एफआईआर दर्ज कर दी।

इसके विरोध में मंगलवार को सैंकडों समाजजनों और बहुजन समाज के कार्यकर्ताओं द्वारा उपखण्ड कार्यालय भदेसर में विरोध प्रदर्शन करते हुए उपखंड अधिकारी ऋषि सुधांश पांडे को ज्ञापन सौपा।

# रक्तदान शिविर में पहुंचे जनजाति मंत्री खराड़ी

**डूंगरपुर,** (निसं)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव एवं स्वच्छता ही सेवा 2024अभियान के तहत बुधवार को आसपुर के सामुदायिक भवन में भाजपा के पखवाडा सयोजक वीरेंद्र सिंह वाडा कुंडली के निर्देशन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जनजाति मंत्री ने रिबन काटकर किया।

जनजाति मंत्री बाबूलाल खराडी ने कहा की मोदी द्वारा कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। जिसका लाभ ले।आज मोदी जी के जन्मोत्सव को लेकर जो रक्तदान शिविर का आयोजन किया है जो तारीफे काबिल है। कहा की जरूरी नहीं की आप डॉक्टर बनकर सेवा करे एआप रक्तदान कर भी सेवा का लाभ ले सकते है। आज सभी पार्टियां भाजपा के खिलाफ है। गलत हथकंडे अपना कर देश पर राज करना चाह रही है, पर उनके मनसूबे सफल नहीं होंगे। सभा स्थल पर पहुंचते ही बिजली गुल,भडके मंत्री जनजाति

> ■ मोदी के जन्म महोत्सव को लेकर आसपुर में हुआ रक्तदान शिविर

मंत्री जैसे ही सभा स्थल पर पहुंचे और कुर्सी पर बैठते ही बिजली बंद हो गई। जिस पर मंत्री भडक गए और तत्काल एईएन आसपुर से हटाने के निर्देश दिए। सौपे ज्ञापन मंत्री के आसपुर पहुंचते ही कई संगठन के पदाधिकारी मौके पर पहुंच गए और अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौप कर समस्याओं के निराकरण की मांग की ग्राम रोजगार सहायक संविदाकर्मियों ने ज्ञापन सौपा जिला प्रशासन के द्वारा लोक विज्ञापन जारी नहीं करने से ग्राम रोजगार सहायक बार बार सरकार को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगे रखी फिर भी संविदाकर्मियों ने भाजपा व कांग्रेस की सरकार तक गुहार लगाते लगाते। 17 वर्ष हो चुके हैं सरकार के द्वारा लोक विज्ञापन की कटिंग की कापी पेश करने की बात कही जबकि यह काम जिला प्रशासन का है जिला प्रशासन की लापारवाही से ग्राम रोजगार सहायक संविदाकर्मियों की नौकरी अन्धेर में जिसकी भरपाई कोने करेगा। पंचायत समिति प्रधान केशर देवी एवं अनिल गुप्ता ने ज्ञापन में कहा की मैदान को मिनी स्टेडियम बनाने, गोल, आसपुर, खेडा आसपुर में सिवरेज लाइन की स्वीकृति देने,सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए 500 की क्षमता वाला हॉल के निर्माण की स्वीकृति देने एवं तीनो गावों में टंकिया बन चुकी है पाइप लाइन के अभाव में ग्रामीण परेशान है। जिस मांगो को लेकर आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुशील कटारा,पूर्व विधायक गोपीचंद मीणा, जिलाध्यक्ष हरीश पाटीदार, पूर्व जिलाध्यक्ष वेलजी पाटीदार, गजेंद्रसिंह चौहान, प्रधान केशर मीणा, पद्मसिंह डाबी, नेपाल सिंह फतेपुरा, दुर्जन सिंह पंवार, अनिल गुप्ता, दिनेश डबरावत, प्रकाश नागदा, हंसमुख सोनी सहित सैकडों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### नेशनल फॉक फेस्टिवल का आयोजन

**उदयपुर**,(कासं)। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की ओर से विलुप्त लोक कलाओं पर संभाग स्तरीय नेशनल फॉक फेस्टिवल का आयोजन बुधवार को बंजारा रंगमंच शिल्पग्राम में किया गया। उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा विलुप्त हो रही कलाओं के संरक्षण हेतु किए जा रहे प्रयासों के तहत बुधवार को शिल्पग्राम के बंजारा रंगमंच में विलुप्त कलाओं पर नेशनल फॉक फेस्टिवल (विलुप्त लोक एवं जनजातिय कला महोत्सव) का आयोजन किया गया। इसमें विलुप्त होती कला जोगी गायन गलालेंग जो कि राजस्थान की लोककला-लोकगाथा है, वागड़ से आए केवलनाथ द्वारा प्रस्तुत किया गया। उसके बाद तुर्रा कलंगी पर चित्तौड़ से लक्ष्मी नारायण रावल ने राजस्थान की 500 वर्ष पुरानी लोक कला पर शिव शक्ति की आराधना स्वरूप प्रस्तुति दी। उसके बाद बाड़मेर एवं जैसलमेर से आए कोहिनूर मांगणियार दल द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। उसके बाद अनीता छाबड़ा द्वारा चकरी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। गवरी की प्रस्तुति गोगुंदा से आए केसुलाल एवं दल द्वारा दी गई। अंत में छोटा उदेपुर गुजरात से आए कंचन राठवा ने राठवा नृत्य प्रस्तुत किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन वृंदा प्रधान अजमेरा ने किया। अंत में आभार सिद्धांत भटनागर ने किया। इस अवसर पर केन्द्र के उपनिदेशक (कार्यक्रम) पवन अमरावत, सहायक निदेशक (वित्तीय एवं लेखा) दुर्गेश चांदवानी, कार्यक्रम एग्जीक्यूटिव हेमंत मेहता, अधीक्षण अभियंता सी.एल. सालवी आदि उपस्थित थे।मुख्य अतिथि उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने बताया कि पश्चिम सांस्कृतिक केन्द्र सदैव कलाओं के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए नवाचार करता रहता है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छता ही सेवा अभियान तथा गांधी जी का सपना स्वच्छता को अपनाने के लिए आव्हान किया।

### सफाईकर्मियों का सम्मान

**उदयपुर**,(कासं)। राजीव गांधी पंचायती राज संघ उदयपुर की और से गांधी, शास्त्री जंयती के उपलक्ष्य पर गांधी मूर्ति गांधी नगर मल्लातलाई पर गांधी स्मरण किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ गांधी मूर्ति पर तिलक एवं माल्यार्पण कर गांधी के भजन वैष्णव जन से प्रारम्भ किया। पंचायती राज संघ के जिंला अध्यक्ष एवं पार्षद हिदायत तुल्ला ने बताया की हर वर्ष की भांती इस वर्ष भी वार्ड 7 एवं 8 के सफाईकर्मीयों, नरेगा कर्मीयों ,राज्य स्तर पर मेडल लाये बच्चीयों एवं समाज के प्रबुधजनों का मानव सेवा क्षेत्र में एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु कुल 97 प्रबुधजनों का प्रशस्ति पत्र एवं पारितोषिक वितरण कर सम्मान किया। इस अवसर पर राजेश सिघंवी, आशाधाम आश्रम से सीस्टर डेनिसा, बाबुलाल घावरी, हाजी प्यारा भाई ने गांधी जी के बारे में अपने विचार रखे एवं उपस्थित सभी ने गांधी जी के सत्य, अहिंसा, प्रेम एवं शास्त्री जी के सादा जीवन उच्च विचार को अपने जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा ली।

### निशानेबाजों ने चार पदक जीते

**उदयपुर**,(कासं)। राज्यस्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में उदयपुर के निशानेबाजों ने चार पदक जीते। प्रतियोगिता के चयनकर्ता रणवीर सिंह राणावत ने बताया की उदयपुर दल के चयनकर्ता अर्जुन सिंह चुंडावत के नेतृत्व में दलकोच बलवीर सिंह राठौड, आशा बडगुर्जर, दल प्रबंधक रामरक्ष पाल सिंह, सुनील वया, दलप्रभारी श्रीमती किरण पहाडिया के साथ गए 18 सदस्यीय खिलाडियों में चार निशानेबाजों ने सर्वाधिक स्कोर के साथ राज्यस्तरीय राइफल प्रतियोगिता में उदयपुर जलि को उपविजेता बनाया। विदित हो प्रतियोगिता में 38 जिलों के 534 खिलाडयिों ने भाग लिया, जिसमे 18 पदक में से 4 पदक उदयपुर के खिलाडयिों को प्राप्त हुए। सक्षम उज्ज्वल ने पिस्टल में स्वर्ण, कायना डांगी ने पीप साइट में रजत, दिग्विजय सिंह गौड ने पीप साइट में कांस्य पदक, शिवरंजनी चौहान ने ओपन साइट में कांस्य पदक प्राप्त कर उदयपुर को राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में उपविजेता बनाया।

### सनातन बोर्ड गठन की रखी मांग

**भीण्डर,** (निसं)। विप्र फाउंडेशन भीण्डर तहसील के तत्वावधान में मंगलवार को सनातन बोर्ड गठन की मांग को लेकर भीण्डर उपखण्ड कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा गया। भीण्डर तहसील अध्यक्ष प्रवीण कुमार आमेटा के नेतृत्व में जिला संरक्षक सुरजमल मेनारिया, भीण्डर तहसील युवा प्रकोष्ठ मुकेश पण्डिया, जिला संयुक्त सचिव नीमत मेनारिया, जिला संगठन मंत्री त्रिभुवन मेनारिया, जिला सचिव भरत व्यास के सानिध्य में राष्ट्रपति के नाम भीण्डर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग रखी कि देश में सनातन बोर्ड गठन किया जाएं व मन्दिरों के पुजारियों को सरकारी नौकरी के परिलाभ व उनकी सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाएं। इस दौरान संरक्षक मुरली मनोहर तिवारी, रामचन्द्र कडवावत, गोपीकृष्ण आमेटा, शैलेन्द्र व्यास आदि उपस्थित थे।

### राज्यपाल बागड़े आज उदयपुर में

**उदयपुर**,(कासं)। प्रदेश के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे गुरुवार 3 अक्टूबर की सुबह 10 बजे उदयपुर के डबोक एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वे सुबह महामहिम राष्ट्रपति महोदया का स्वागत व अगवानी करेंगे और 11.30 बजे मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शरीक होंगे। राज्यपाल बागड़े इसी दिन अपराह्न 3 बजे हेलीकॉप्टर से मानपुर आबूरोड़ के लिए प्रस्थान करेंगे।

# इंट्रा-जोनल माइन रेस्क्यू प्रतियोगिता आयोजित

**उदयपुर**, (कासं)। खान सुरक्षा महानिदेशालय उत्तर पश्चिमी अंचल, उदयपुर के तत्वाधान मे हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के राजपुरा दरीबा परिसर व एसके भूमिगत खदान में इंट्रा जोनल माइन रेस्क्यू प्रतियोगिता 2024 का पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता के लिए 29 व 30 सितम्बर व 1 अक्टूबर को सभी कैटेगरी की प्रतियोगिता आयोजित हुई । प्रतियोगिता मे हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड व हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की विभिन्न खदानों से 10 रेस्क्यू टीम ने भाग लिया जिसमें दो महिला टीम भी शामिल है। 1 अक्टूबर को राजपुरा दरीबा मे हुए पारितोषिक वितरण समारोह मे मुख्य अतिथि आर टी मांडेकर उपमहानिदेशक, उत्तर पश्चिमी अंचल उदयपुर तथा गेस्ट ऑफ ऑनर अरुण मिश्रा सीईओ हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड थे तथा अन्य अतिथि डीजीएमएस के निदेशक व उपनिदेशक रहे। इस प्रतियोगिता में रामपुर आगुजा खदान ओवर ऑल प्रथम, एस के खदान ओवरऑल द्वित्तीय तथा एचएल महिला टीम ओवरऑल तृतीय स्थान पर रहे।

प्रतियोगिता ने वास्तविक जीवन की परिस्थितियों में आपातकालीन तैयारी पर ध्यान केंद्रित किया और इसमें 10 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इंट्रा-जोनल माइन रेस्क्यू प्रतियोगिता का उद्देश्य टीमों को आपात स्थितियों में प्रतिक्रिया देने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करना है, जिससे सहयोग को बढावा मिलता है और एक मजबूत खनन समुदाय का निर्माण होता है। हिंदुस्तान जिंक की रामपुरा आगुचा पुरुष टीम ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि कंपनी की सिंदेसर खुर्द पुरुष टीम ने उपविजेता स्थान रही। प्रतियोगिता में पुरुष और महिला टीमों के लिए अलग-अलग श्रेणियाँ थीं, जिनमें ताजे वायु बेस ड्रिल, भूमिगत खानों में बचाव और पुनर्प ाप्ति ऑपरेशंस, सैद्धांतिक आकलन, प्राथमिक उपचार, और वैधानिक परीक्षाएँ शामिल थीं। इन गतिविधियों ने प्रतिभागियों की शारीरिक सहनशक्ति और महत्वपूर्ण स्थितियों को संभालने के लिए मानसिक तैयारी को परखा।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि आर.टी. मंडेकर, उप निदेशक, डीजीएमएस, उत्तर-पश्चिम क्षेत्र, और हिंदुस्तान जिंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण मिश्रा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के अनुरोध पर हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड का अपना रेस्क्यू स्टेशन के लिए अरुण मिश्रा, सीईओ द्वारा रेस्क्यू स्टेशन जल्द ही बनाने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान जिंक द्वारा आयोजित माइन रेस्क्यू प्रतियोगिता ने खनन उद्योग के पहले उत्तरदाताओं के असाधारण कौशल और समर्पण को प्रदर्शित किया है। प्रतिभागियों ने आपात स्थितियों को संभालने में उच्च स्तर की तैयारी और कौशल प्रदर्शित किया है। महिलाओं की टीमों की बढती भागीदारी देखना उत्साहजनक है, जो हिंदुस्तान जिंक द्वारा शुरू किया अभियान खनन क्षेत्र में लैंगिक समानता को बढावा दे रहा है।

# डॉ. राजेन्द्र सिंह ने मेवाड़ की धरा से की स्वराज यात्रा की शुरूआत

**उदयपुर**, (कासं)। जर्नादनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ के संघटक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बुधवार को गांधी-शास्त्री जयन्ती मनाई गई। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में विश्वशान्ति की कामना के साथ भजनों की प्रस्तुतियां दी गई।

इस अवसर पर पानी बाबा डॉ. राजेन्द्र सिंह की ओर से मेवाड़ की धरा से स्वराज यात्रा की भी शुरूआत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जल पुरूष प्रो. राजेन्द्र सिंह ने अपने उद्बोधन में गांधी के विचारों ,मूल्यों के साथ पर्यावरण चेतना को जोड़ते हुए उन्हें

> ■ राजस्थान विद्यापीठ में गांधी व शास्त्री जयंती मनाई


पानी बाबा डॉ. राजेन्द्र सिंह की ओर से मेवाड़ की धरा से स्वराज यात्रा की शुरूआत की।

अपनाने की बात कही। उन्होंने गांधी के स्वराज पर विचार रखते हुए उनके 18 रचनात्मक कार्यों तथा लोक शिक्षण, स्वावलंबन, संगठन तथा सत्याग्रह के द्वारा स्वराज के अर्थों एवं महत्व और आवश्यकता को बताया। शिक्षाविद् और वागधरा संस्थान के सचिव जयेश जोशी ने गांधी के स्वराज पर बोलते हुए कहा कि स्वराज की शुरूआत ही संवाद के साथ होती है। प्रकृति के साथ संवाद एवं गैर निर्भिता के द्वारा संसार की समस्याओं के समाधान की बात कही। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. सारंगदेवोत ने गांधी के विचारों को व्यापक अर्थों में समझे जाने की आवश्यकता बताई तथा विश्व बंदूयुत्व व वसुधैव कुटुम्बकम् के भावों की वर्तमान समय में वैश्विक शान्ति के संदंर्भ में आवश्यकता को अधिरेखांकित किया।

विद्यापीठ के स्कूल ऑफ सोशल वर्क की ओर से स्वराज से सतत विकास पर किए गए शोध कार्य की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो सरोज गर्ग ने बताया कि गांधी स्वराज विचार कार्यक्रम के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने एनईपी 2020 के संदर्भ में गांधीजी के विचारों की वर्तमान में प्रांसगिकता और आवश्यकता का जाना। साथ ही पर्यावरण चेतना से जुड़े तथ्यों पर भी चर्चा हुई।

कार्यक्रम में गांधी जी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने सहित कई भजनां की प्रस्तुतियां दी गई। साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता हेतू कार्यकर्ताओं सहित गणतान्य लोगों को शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर बृजमोहन दीक्षित ने भी विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरिश चौबीसा ने किया तथा धन्यवाद डॉ. रचना राठौड़ ने ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ. बलिदान जैन डॉ. अमी राठौर, डॉ. अनिता कोठारी, डॉ. सरिता मेनारिया डॉ. पुनीत पांडे, डॉ. हरीश मेनारिया डॉ अमित दवे, डॉ. हिम्मत सिंह चुंडावत डॉ. सुभाष पुरोहित, डॉ रोहित कुमावत, डॉ. ममता कुमावत सहित व्याख्याता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### वन्यजीव सप्ताह का शुभारंभ

**उदयपुर**, (कासं)। वन विभाग, डब्लूयू डब्लूयू एफ एवं ग्रीन पीपल सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में 70वें वन्यजीव सप्ताह का विधिवत शुभारंभ बुधवार को हुआ। इस अवसर पर उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में वन्यजीव चेतना रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर विधायक मीणा ने कहा कि वन्यजीवों एवं पर्यावरण के प्रति आज की युवा पीढ़ी के साथ आमजन को प्रेरित करते के लिए ऐसे आयोजनों की महती आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संभागीय मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव एस.आर.वी. मूर्थी ने वन विभाग की उपलब्धियों के बारे में बताया और पर्यावरण के प्रति हर जिम्मेदार नागरिक को अपना दायित्व निभाने की बात कही।

**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर (राज.)**

क्रमांक:प्रन्यास-II/2024-25/329 दिनांक:30.9.24
ऑनलाईन-101901

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भुखण्ड संख्या 462 का पार्ट जो योजना अम्बामाता, उदयपुर में स्थित है जिसका आकार 222.22 वर्गगज है इस भू-खण्ड की प्रार्थीया श्रीमती मीना दवे पत्नी श्री राजेश दवे निवासी-38, आचार्य मार्ग चांदपोल बाहर उदयपुर (राज.) ने अपने नाम पर नामान्तरण करने हेतु इस कार्यालय में दिनांक 27.09.2024 को आवेदन प्रस्तुत किया है।

पूर्व में उक्त भूखण्ड नगर विकास प्रन्यास उदयपुर के द्वारा दिनांक 04.06.1971 को दिया गया। वर्तमान में उक्त भूखण्ड श्रीमती लीलावती बाई पत्नी श्री जगन्नाथ जोशी के नाम आलेख में दर्ज है।

प्रार्थीया उक्त भूखण्ड स्व:घोषणा पत्र, पहचान पत्र एवं रजि. विक्रय पत्र के दस्तावेज के आधार पर अपने नामान्तरण चाहा जा रहा है।

अत: समस्त आम-खास को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड प्रार्थीया के नाम करने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन से 07 दिनों के भीतर इस कार्यालय में लिखित में प्रमाणित दस्तावेजों के साथ प्रन्यास शाखा में प्रस्तुत करें, बाद समाप्त अवधि नामान्तरण की कार्यवाही नियमानुसार कर दी जायेगी। सूचित रहे।

**आयुक्त-नगर निगम, उदयपुर**

**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)**

क्रमांक : F7(12)PLAN/LANDUSE / 2024 / 881-882 आम - सूचना दिनांक : 26/9/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा गुलाब कोठारी बनाम राजस्थान सरकार एवं अन्य सिविल रिट संख्या 1554/2004 में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर के द्वारा पारित निर्णय के क्रम में सरकार के विभागीय आदेश दिनांक 20-07-2017 के अनुसार एवं राज्य सरकार के द्वारा समय-समय पर वृहद / व्यापक जनहित के दृष्टिगत मास्टर प्लान में भू-उपयोग परिवर्तन अनुज्ञये किये जाने के संबंध में प्रदत्त आदेशों / परिपत्रों की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम/योजना | खसरा संख्या /ब्लॉक संख्या | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | भूखण्ड/भूमि की स्थिति | भू-उपयोग परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अरविन्द सिंह शेखावत पिता श्री प्रताप सिंह शेखावत | धोल की पाटी | 629, 632 मीन | 05 | 1575.00 वर्गफीट | तितरडी से जयसमन्द जाने वाली 150 फीट सड़क पर स्वास्तिक हिल्स के सामने स्थित है। | आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो न्यास कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

**आयुक्त उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर**

**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)**

क्रमांक : F7(12)PLAN/LANDUSE / 2024 / 879-880 आम - सूचना दिनांक : 26/9/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा गुलाब कोठारी बनाम राजस्थान सरकार एवं अन्य सिविल रिट संख्या 1554/2004 में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर के द्वारा पारित निर्णय के क्रम में सरकार के विभागीय आदेश दिनांक 20-07-2017 के अनुसार एवं राज्य सरकार के द्वारा समय-समय पर वृहद / व्यापक जनहित के दृष्टिगत मास्टर प्लान में भू-उपयोग परिवर्तन अनुज्ञये किये जाने के संबंध में प्रदत्त आदेशों / परिपत्रों की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम/योजना | खसरा संख्या /ब्लॉक संख्या | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | भूखण्ड/भूमि की स्थिति | भू-उपयोग परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती सुनिता सिंह पत्नी रिपुसदन सिंह राजपुत | धोल की पाटी | 629, 632 मीन | 04 | 1575.00 वर्गफीट | तितरडी से जयसमन्द जाने वाली 150 फीट सड़क पर स्वास्तिक हिल्स के सामने स्थित है। | आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो न्यास कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

**आयुक्त उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर**